संक्षिप्त

गणेशदास मंदिर में बर्तन भेंट किए

खाटूश्यामजी, (निसं)। वीर बर्बरीक सेवा समिति (रजि) ने सोमवार को खाटूश्यामजी स्थित गणेशदास मंदिर को भोजन बनाने के लिए उपयोगी बर्तन प्रदान किए। समिति के अध्यक्ष मुकेश वैष्णव ने बताया कि मंदिर में भट्टी, कढाई, टोपिया, प्रात, ट्रे, बाल्टी, जग, ड्रम, चम्मच, ढक्कन आदि विभिन्न प्रकार के बर्तन मंदिर समिति को दिए गए हैं। समिति के महामंत्री विकास सोनी ने कहा कि गणेशदास मंदिर में कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है, जिसके चलते यहां बर्तनों की महत्ती आवश्यकता रहती थी। समिति द्वारा प्रदान किए गए बर्तन इन कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायक होंगे। इस अवसर पर कालूराम पूनियां, उपमंत्री अंशुमन शर्मा, उपाध्यक्ष सुरज स्वामी, संगठन मंत्री जितेंद्र सैन, सोनू तुलछानी, महेन्द्र शर्मा, झाबर सिंह धायल सहित समिति के अन्य सदस्यों ने मंदिर व्यवस्थापक को बर्तन सुपुर्द किए। यह पहल मंदिर के विभिन्न आयोजनों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित

टोंक, (निसं)। उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को साहित्य मंच टोडारायसिंह (केकडी) के तत्वावधान में पाती जवानों के नाम पत्र लेखन साहित्यक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि साहित्य मंच टोडारायसिंह केकडी के संयोजक सेवानिवृत शिक्षक शिवराज कुर्मी के सानिध्य में विद्यालय के तकरीबन 200 छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सूरज सिंह नेगी द्वारा चलाई गई साहित्यिक मुहिम "पाती अपनो को" के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में यह प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। कुर्मी ने बताया कि साहित्य के क्षेत्र में चलाई गई मुहिम से बच्चों में साहित्य के प्रति लगाव बढ़ेगा। शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि चयनित पत्रों को संकलित कर पुस्तक प्रकाशित की जायेगी तथा चयनित छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

शिवलिंग पूजा का आयोजन

पावटा, (निसं)। बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा परिसर में स्थित प्राचीन शिवलिंग पर श्रावण मास के दूसरे सोमवार को रामोतार गोयल, कन्हैयालाल मीणा, गजांनद बोहरा, सुभाष यादव, ओमप्रकाश गौड सहित 15 जोडों द्वारा मंदिर महंत जयराम दास महाराज के सानिध्य में पंडित अश्वनी शास्त्री द्वारा विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना के साथ पार्थिव शिव लिंग पूजा का अयोजन किया गया। इस दौरान पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से मेले सा दृश्य बना रहा।

विभिन्न बिन्दुओं पर की चर्चा

पावटा, (निसं)। शारीरिक शिक्षकों द्वारा मिलन समारोह का आयोजन कर जिलाध्यक्ष बलवीर खोला के नेतृत्व में विधायक निवास स्थान ग्राम भांकरी में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड का माला व साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर विधायक धनकड से नवगठित जिले में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद सृजित करने, शिक्षा विभाग के विद्यालय खिलाडियों का दैनिक भत्ता बढाने, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में समिलित कराने तथा खेल गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान धर्मवीर जाट समेत पावटा, कोटपूतली, विराटनगर के सभी शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

विभागीय अधिकारी विकास कार्यों को गति प्रदान करें : कलेक्टर

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में जिले में संचालित विकास योजनाओं, लंबित सम्पर्क प्रकरण एवं बजट घोषणा के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि विकास कार्यों को गति प्रदान करें तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराये जाये।

जिला कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में संचालित विकास योजनाओं के कार्यों तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रभावी मॉनिटरिंग करें, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे तथा हर सप्ताह किए गए कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत दिए गए पौधारोपण के लक्ष्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करें तथा पौधों की जीयो टैगिंग फोटो अपलोड करें।

उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ई-लाइब्रेरी शुरू करने हेतु विकास अधिकारियों से समन्वय कर स्थान चिन्हित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के जिन 80 विद्यालयों के लिए स्वीकृत बोरिंग की ड्रिलिंग जलदाय विभाग से समन्वय कर पेयजल उपलब्धता वाले स्थानों पर ही कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष रहे विद्यालयों में भी वाईफाई लगवाना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत पाला के भवन में ई-लाइब्रेरी प्रारम्भ करने हेतु बीडीओ से समन्वय करें। वृक्षारोपण, कीचन गार्डन, वाईफाई, नामांकन वृद्धि की प्रगति साप्ताहिक रिपोर्ट भिजवाए।

कलेक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने राजीविका की डीपीएम को निर्देश दिये कि सिलीसेढ झील के पास राजीविका द्वारा हस्तशिल्प उत्पादों, आर्ट्स, क्राफ्ट एवं मसालों की स्टॉल शुरू करावे तथा इसी प्रकार इंदिरा गांधी स्टेडियम में महिला स्वयं सहायक समूह की महिलाओं के द्वारा संचालित की जाने वाली कैन्टीन यथाशीघ्र चालू करावे। साथ ही निर्देश दिये कि सीडीईओ से समन्वय कर चिन्हित 6 मर्ज विद्यालयों में राजीविका के समूहों के कार्यालय प्रारम्भ करावे। उन्होंने पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक को निर्देश दिये कि विभाग की जिला वेबसाइट को यथाशीघ्र लॉन्च करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि यूआईटी एवं वन विभाग से समन्वय कर सिलीसेढ झील पर वाटर स्पोर्ट्स, बालाकिला पर वैपन म्यूजियम व शौचालय प्रारम्भ करावे। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं

■ 'सिलीसेढ़ झील पर वाटर स्पोर्ट्स, बालाकिला पर वैपन म्यूजियम व शौचालय प्रारम्भ करावे'

अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि पेंशन सत्यापन व छात्रवृत्ति सत्यापन को एक सप्ताह में राज्य औसत से अधिक करावे तथा औसत से अधिक कराते हुए शत-प्रतिशत सत्यापन करावे।

बैठक में डीएसओ मानसिंह मीना, सहायक कलक्टर सुश्री नवज्योति कंवरिया, सीडीईओ नेकीराम, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल मच्चा, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव, डीएलसी राकेश चौधरी, राजीविका की डीपीएम रेखारानी व्यास, जिला रोजगार अधिकारी श्रेष्ठ दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

दुष्कर्म मामले में ज्ञापन सौंपा

किशनगढबास, (निसं)। पंजाबी समाज ने बारा में पंजाबी समाज की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर जिला कलेक्टर डाक्टर आर्तिका शुक्ला को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष कपिल शर्मा, मुखी गोविंद सोनी, जगदीश मुखीजा, भिवाडी अध्यक्ष अनिल वधवा, सूरज प्रकाश कपाही , किशनगढ अध्यक्ष हेमंत भूगडा, संरक्षक हरमेश खुराना , उपाध्यक्ष तिलकराज कालरा, मदन कालरा, मेघराज अदलक्खा, सचिव पंकज खुराना, महेंद्र छाबडा, भारत गुलयानी, भूपेंद्र सिंह भिवाडी, प्रवीण (सोनू) खत्री, उमेश मेहंदीरता आदि मौजूद रहे। ज्ञापन में समाज के लोगों ने अपराधी को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की है।

प्रचलित रास्ते से अतिक्रमण हटाया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर अनिल कुमार के आदेशों की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में सोमवार को राजस्व टीम द्वारा ग्राम पंचायत लिसाडिया के राजस्व ग्राम लिसाडिया के खसरा नं 210 किस्म गैर मुमकिन ढाणी से गुजरने वाले प्रचलित रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कर रास्ता सुचारू किया गया। बताया गया है कि ग्राम पंचायत लिसाडिया के राजस्व ग्राम के खसरा नंबर 210 किस्म गैर मुमकिन ढाणी से गुजरने वाले प्रचलित रास्ते पर ग्राम के ही कैलाश स्वामी द्वारा ईंधन और रूडी डालकर रास्ता अवरूद्ध करने व बारिश के मौसम में रास्ते पर डाली गई गंदगी से मौसमी बिमारियां फैलने की संभावना होने की समस्या से उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को जनसुनवाई में वार्डपंच मुरारी लाल स्वामी द्वारा अवगत कराया गया था, जिस पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के आदेश की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा व पटवारी नांगल तेजपाल यादव द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से दोनों पक्षों की समझाईश कर अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू करवाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान सरपंच प्रतिनिधि मक्खन यादव, पूर्व सरपंच जगदीश यादव व ग्रामीण उपस्थित रहे।दो वर्ष पुरानी समस्या का समाधान होने पर ढाणी श्योनदास के ग्रामीणों द्वारा तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

सड़कों की स्वीकृति पर आभार जताया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग से विधानसभा क्षेत्र चौमूं में 2.39 करोड की लागत की 4 सडकों के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। सडक कार्यों के लिए सिरसा फाटक शिव मंदिर से रणजीतपुरा तेजाजी मंदिर तक दूरी 2.10 किमी. लागत 63 लाख रुपये, कानररपुरा से स्वामियो की ढाणी वाया दोलतपुरा तक दूरी 2.50 किमी. एवं लागत 75 लाख, बागडियो की ढाणी से छोटागुढा तक दूरी 1.70 किमी. एवं लागत 51 लाख और छोटागुढा से नांगल गोविंद तक दूरी 1.70 किमी. एवं लागत 50 लाख रुपयों की स्वीकृति मिली है। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में 2.39 करोड की लागत की 4 सडकों की स्वीकृति मिली है।

बलाई समाज विकास परिषद का प्रतिभा सम्मान समारोह

फुलेरा, (निसं)। कस्बे पुराना फुलेरा, बिचून रोड स्थित बलाई समाज सामुदायिक भवन परिसर में रविवार को प्रातः 10:15 बजे बलाई समाज विकास परिषद के तत्वावधान में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच शांति लाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, ताराचन्द मेहरडा, रामेश्वर लाल वर्मा, बी.एल. सांभरिया, जगदीश सुराणिया, जी.एल.वर्मा, तारा चन्द मेहरडा, जलदाय विभाग के एईएन जगराम वर्मा, पूर्व एडीएम के.आर. बुनकर, पूर्व अध्यक्ष पांचू लाल बरवड रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बलाई समाज विकास परिषद अध्यक्ष प्रमोद कालावत के द्वारा की गई। गौरतलब है कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.जी.सी.जिन्दल, पूर्व आईपीएस जसवंत संपतराय रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों के द्वारा लोक देवता बाबा रामदेव जी महाराज व डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 वीं, 12 वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने तथा सरकारी सेवाओं में चयनित हुए सामाज के प्रतिभावान बालक बालिकाओं का प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।

कक्षा 10वीं, 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने तथा सरकारी सेवाओं में चयनित सामाज के प्रतिभावानों का सम्मान किया।

वहीं कार्यक्रम में मंच का संचालन परिषद के विधि सलाहकार एड. भागचन्द सांभरिया व महामंत्री शिक्षाविद रामप्रसाद नारनोलिया ने किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कालावत ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी और समाज के लोग उपस्थित रहे।

'बाघों को बचाए' थीम पर बाघ संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन

बौंली-बामनवास, (निसं)। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के रणथंभौर नेशनल रिसोर्ट में आमजन में बाघ संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए बाघों को बचाए थीम पर बाघ संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर खुशाल यादव थे।

संगोष्ठी में जिला कलेक्टर ने कहा कि वन एवं वन्य जीव धरती पर प्रकृति की अमूल्य धरोहर है मानव पर्यावरण और वन्य जीव एक दूसरे के पूरक हैं बदलते परिवेश में हमें वन्यजीवों के संरक्षण और जैव विविधता के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है बाघों का संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है। संगोष्ठी में उपवन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक प्रथम रणथंभौर बाघ परियोजना डॉक्टर रामानंद भाकर ने कहा कि बाघ सवाई माधोपुर जिले में रहने वाले हजारों लोगों की आजीविका का माध्यम है हम सभी इनके संरक्षण के लिए आगे आए। इस अवसर पर वन्य जीव विशेषज्ञ धर्मेंद्र खांडल ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में समय-समय पर किए गए प्रयासों वन्य जीव सुरक्षा एवं संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी। टाइगर प्रोजेक्ट से जुड़े हरिमोहन मीणा ने कैरबल की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण, पर्यावरण, रणथंभौर पार्क के विभिन्न रूप इकोसिस्टम, प्राकृतिक संपदा, वनो, पक्षियों एवं वन्यजीवों के महत्व के बारे में जागरूक किया। आयोजित संगोष्ठी में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, सहायक निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, प्रशिक्षु उपवन संरक्षक तेजस पाटिल, सहायक वन संरक्षक अरुण शर्मा, डीसीएफ लाखन सिंह, पशु चिकित्सक डॉक्टर सीपी मीना, मिशन बीट प्लास्टिक के रूप सिंह, पत्रकार, शिक्षक, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं पर्यावरण विद आदि संगोष्ठी में उपस्थित थे।

बाघ संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए बाघ संरक्षण संगोष्ठी हुई।

भक्ति से मानव परहित व परोपकार भी कर सकते है : विज्ञाश्री

निवाई/गुन्सी, (निसं)। गांव गुन्सी में स्थित सहस्त्रकूट जिनालय विज्ञातीर्थ में धूमधाम से चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में श्रद्धालुओं ने आर्यिका की मौजूदगी में वर्षायोग का ध्वज और पताकाएं स्थापित की।

जैन समाज के प्रवक्ता योगेंद्र सिंहल व निवाई चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि विज्ञातीर्थ में चातुर्मास का मुख्य मंगल कलश स्थापना निर्मल जैन, सुधा जैन मध्यप्रदेश ने पं. विमल शास्त्री बनेठा के सानिध्य में विधि विधान और मंत्रोच्चार एवं भजनों के साथ स्थापित किए। द्वितीय कलश कंवरपाल जैन, मनोरमा जैन व हितार्थ जैन बाइस गोदाम नंदपुरी जयपुर ने किया। तृतीय कलश स्थापना सुनील जैन सांगानेर ने किया। उन्होंने बताया कि वर्षायोग के लिए 9 बडे और108 छोटे मंगल कलशों की स्थापना श्रद्धालुओं द्वारा आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सान्निध्य में की गई। इस अवसर पर विज्ञाश्री महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पादप्रक्षालन, शास्त्र भेंट, जिनवाणी भेंट तथा वस्त्र भेंट किए। विज्ञाश्री माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति और ध्यान से मानव का कल्याण होता है। मानव को सदैव सदाचारी रहते हुए भगवान महावीर के मुख्य तीन संदेश अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य को जीवन में अपनाना चाहिए। भक्ति से मानव परहित व परोपकार भी कर सकता है। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा विज्ञातीर्थ में कलश स्थापना करने वाले परिवारों का स्वागत सत्कार किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश, जयपुर, सांगानेर, टोंक, निवाई, चाकूस, मालपुरा व झिलाय सहित कई स्थानों से श्रद्धालु विज्ञातीर्थ पहुंचकर आर्यिका विज्ञाश्री माताजी को श्रीफल चढाकर आशीर्वाद लिया।? इस दौरान उद्योगपति सुशील जैन, महावीरप्रसाद पराणा, राजेंद्र बगडी, नरेश बनेठा, अशोक जैन, अरविंद जैन व जितेन्द्र जैन सहित जैन समाज के विभिन्न महिला मंडल तथा सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

विद्युत तकनीकी कर्मचारियों ने जेवीवीएनएल एसई को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एशोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप जांगिड के नेतृत्व में तकनीकी कर्मचारियों ने जेवीवीएनएल एसई मनोज गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर 12 सूत्रीय मांगों को पूरा किये जाने की मांग की। ज्ञापन में जांगिड समेत विवेक सैनी, सुमित, बुधराम गुर्जर, हरिश यादव, महेश गुर्जर, सिकंदर आदि कर्मचारियों ने अवगत करवाया कि जिला मुख्यालय पर यूनियन हेतु कार्यालय उपलब्ध करवाया जायें।

वहीं तकनीकी कर्मचारियों को समय-समय पर सुरक्षा उपकरण, 33/11 केवी जीएसएस पर नियमानुसार चार शिफ्ट ड्युटी में आईटीआई कर्मचारी लगाये जायें, उक्त जीएसएस का समय-समय पर रखरखाव करवाया जायें, जीएसएस पर सीयूजी सिम उपलब्ध करवाकर उन्हें चालू रखने के लिये ठेकेदारों को पाबंद किया जायें, जीएसएस पर कार्यरत ठेकाकर्मियों को शिफ्ट ड्युटी के समय जीएसएस पर ही उपलब्ध रहने के लिये पाबंद किया जायें, एक फिडर पर एक तकनीकी कर्मचारी को ड्युटी देकर कार्यभार कम किया जायें, बिना किसी ठोस वजह या राजनैतिक दबाव में तकनीकी कर्मचारियों का स्थानान्तरण नहीं किया जायें, तकनीकी कर्मचारियों को नियमानुसार मूल पद पर लगाया जायें, साथ ही कर्मचारी कल्याण शिविर का आयोजन, रिडिंग कार्य के दौरान तकनीकी कर्मचारियों को लाईन फॉल्ट व रखरखाव के कार्य से मुक्त रखने, पूर्व में अलवर वृत्त में जारी तकनीकी कर्मचारियों को पीडीसी राशि वसूली, बिलिंग कार्य, एमसीओ आदि के लिये कमिशन स्कीम को पुनः लागू किया जायें।

राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एशोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप जांगिड़ के नेतृत्व में तकनीकी कर्मचारियों ने जेवीवीएनएल एसई मनोज गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

■ 12 सूत्रीय मांगों को पूरा किये जाने की मांग

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती मीरा देवी** का स्वर्गवास दिनांक 28/7/2024 को हो गया है जिसकी तीये की बैठक 30/7/2024 मंगलवार को शाम 4.30 से 5.30 बजे राजपुताना सभा भवन थडी मार्केट में रखी गई है।

शोकाकुलः जितेन्द्र मलानी (पति) ,गौरव- कंचन, रवि- सिमरन (पुत्र-पुत्रवधू), दीपक- नीतू (पुत्री- दामाद), हिमांशु, यश, भविष्य, अनन्य (पौत्र) रिया, पलक (दोहती), फर्मः गणपति मोटर पार्ट्स सांगानेर, 7737803890

खोया पाया

मेरे मकान नम्बर 262/307-B, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का अलाटमेंट लेटर नम्बर 8336, Date 4/12/2005, कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें- 9785222207

मेरा मकान सं. 64/120, प्रताप नगर, जयपुर का मूल नोड्यूज व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें। रमेश-9414517800

मैं सरोज W/o महेश कुमार निवासी 70 आर्य नगर मुरलीपुरा जयपुर हूं की मेरी प्रॉपर्टी प्लॉट 170 ऑटोमोबाइल नगर के मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र साइट प्लान कहीं गुम हो गए हैं मिलने पर सूचित करें 9414333610

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 249/2024

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्रीमती सुनिता कंवर, निवासी रघुनाथ सिंह गोविन्दपुरा @ मंडलीय जयपुर 303006 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत मंदिर श्री चारभुजा सेवा समिति, प्रन्यास कार्यालय ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ मण्डालिया, तहसील माधोराजपुरा जिला जयपुर ग्रामीण राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.7.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 19.9.24

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

न्यायालय-अपर जिला एवम् सैशन न्यायाधीश, संख्या-1, हिण्डौन सिटी

दिनेश कुमार मीना आदि बनाम हरखासआम

प्रार्थना-पत्र बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र अंतर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनेश कुमार, रमेश, सुमेर सिंह पुत्रगण स्व. श्री रामकिशन मीना, जाति-मीना, निवासी-खेड़ी चांदला, तहसील-श्रीमहावीरजी, जिला करौली एवम् मनीषा पुत्री स्व. रामकिशन पत्नि अमृतलाल, जाति-मीना, निवासी-302, नवदीप अपार्टमेंट, कोचरवा आश्रम के पास, पाडली अहमदाबाद (गुजरात) द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा हिण्डौन सिटी में जमा राशि को एवम् आवेदकगण की माताजी श्रीमती सरूपी देवी के मेडीकल बिलों का भुगतान प्राप्त करने के लिए माननीय न्यायालय हाजा में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर दिया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना-पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिती इस न्यायालय में दिनांक 30.8.24 को समय 10.00 बजे असालतन व वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वर्ना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र इकतरफा में सुनवाई फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 26.7.24 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
हिण्डौन-सिटी

नाम परिवर्तन

मेरी सभी अंकतालिकाओं में माता का नाम गलती से मनोहरी देवी हो गया। मुझे पायल वर्मा माता छोटा देवी पत्नी श्री भंवर लाल बलाई निवासी माली की कोठी, बगराना (जयपुर) के नाम से जाना जावें। मो.न. 7733905109

मैंने अपना नाम शगुफा से बदलकर शगुफा मंसूरी पुत्री बाशा मंसूरी रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवास-ए-504, गुरूशिखर अपार्टमेन्ट, शिवदासपुरा, बीलवा कलां, जयपुर

पहले मेरा नाम उत्कर्ष बागरा था लेकिन अब मेरा नाम उत्कर्ष लोकन्डा है भविष्य में मुझे उत्कर्ष लोकन्डा के नाम से जाना जावे। पता-उत्कर्ष लोकन्डा पुत्र महेश कुमार लोकन्डा 30, जमुना डेयरी सोडाला अजमेर रोड जयपुर आर एस राजस्थान पिन-302006

मैं आर्मी न. 15711207Y रैंक- लान्स नायक तोमर उमेश ऐवरनसिंह पुत्र श्री ऐवरनसिंह निवासी गांव फ्रूट वाली चाली, तहसील- अहमदाबाद, गुजरात ने सभी सर्विस रिकॉर्ड में अपनी पत्नी का नाम श्वेता से बदलकर तोमर श्वेता उमेश सिंह कर दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।

मेरे पुत्र चंद्र मोहन रैगर के शाला रिकार्ड में मेरा नाम ओम प्रकाश हाथीवाल दर्ज है। जबकि अन्य समस्त दस्तावेजों में ओम प्रकाश रैगर दर्ज है जो कि सही है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। ओम प्रकाश रैगर पुत्र चंदा लाल रैगर, निवासी ग्राम-राहोली, तह.निवाई (टोंक-राज.) मो.9828709561

I have changed my name from Meenakshi Bhardwaj to Banarsi Devi W/o Shri Krishan Kumar Bhardwaj Plot no.13, Kesar Nagar, Karni Place ke pass, Jaipur for all purposes in future vide affidavit dated 27 July, 2024, under notary public jaipur

I army no 2882390 L Ex NK (RFN) Rajendra Singh Rathore S/O phool singh rathore R/O 170 A janak vihar gali no 5 panchyawala sirsi road jaipur that have changed my daughter name From NEETU KUMARI To. NEETU RATHORE vide affidavit dated 22 July 24 before district magistrate south jaipur

I Shashi Bala yadav legally wedded spouse of army no 2988550L Ex Hav bijendra singh R/O 29 D/519 gharondha nale ke pass Pratap nagar sanganer jaipur that have changed my name From SHASHI BALA YADAV (DOB 8/1/1970) To SHASHI DEVI (DOB 1/1/1970) vide affidavit dated 27/7/24 before district notary sanganer jaipur

कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपुतली-बहरोड़)

नवोदय स्कुल के पास पावटा-303106, राज.

फोन/01421-294619 Email.Id.: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com Website:www.paotapragpura.com

क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा./2024-25/भूमि/796 दिनांक : 29.07.2024

आपत्ती आमंत्रण सूचना

निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में पट्टा पत्रावली पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की है उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ती हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली पे अग्रीम कार्यवाही की जावेगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	खसरा संख्या	राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	प्रयोजनार्थ
1	श्रीमती सोनी चौधरी पत्नी श्री रघुनाथ प्रसाद चौधरी	1079	पावटा	278.74	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा